मुद्रित पृष्ठों की संख्या :

अनुक्रमांक ....................

नाम ....................

102

# 302(DN

## 2024

## सामान्य हिन्दी

समय : तीन घण्टे 15 मिनट ] [ पूर्णांक : 1(

नोट : प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।

निर्देश : i) सम्पूर्ण प्रश्नपत्र दो भागों – खण्ड 'क' तथा खण्ड 'ख' में विभाजित है ।

ii) दोनों खण्डों के सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।

PDF-Hindustanknowledge.com

### ( खण्ड–क )

1. क) 'माधुरी' पत्रिका किस युग में प्रकाशित हुई ?

i) भारतेन्दु-युग ii) द्विवेदी-युग

iii) शुक्ल-युग iv) शुक्लोत्तर-युग

ख) 'शेखर : एक जीवनी' के लेखक हैं

i) जयशंकर प्रसाद ii) प्रेमचन्द

iii) अज्ञेय iv) रामवृक्ष बेनीपुरी

ग) 'कफन' किस विधा की रचना है ?

i) उपन्यास ii) नाटक

iii) कहानी iv) संस्मरण

घ) 'मैला आँचल' उपन्यास है

i) आंचलिक ii) ऐतिहासिक

iii) मनोवैज्ञानिक iv) धार्मिक

ङ) 'अन्धा युग' रचना के लेखक हैं

i) धर्मवीर भारती ii) रामकुमार वर्मा

iii) मोहन राकेश iv) जैनेन्द्र

2. क) 'रामचरितमानस' की रचना किस भाषा में हुई है ?

i) अवधी ii) ब्रज

iii) मैथिली iv) खड़ी बोली

ख) 'परमालरासो' का रचना काल है

i) आदिकाल ii) भक्तिकाल

iii) रीतिकाल iv) आधुनिक काल

ग) 'छायावाद' की रचना नहीं है

i) कामायनी ii) साकेत

iii) सरोज स्मृति iv) नौका विहार

घ) सुमित्रानन्दन पन्त ने 'नौका विहार' कविता की रचना किस स्थान पर रहकर की ?

i) काला कांकर ii) रामगढ़

iii) वाराणसी iv) इलाहाबाद

ङ) 'वेदना की प्रतिमूर्ति' किस कवयित्री को कहा जाता है ?

i) सुभद्राकुमारी चौहान ii) महादेवी वर्मा

iii) मैत्रेयी पुष्पा iv) लक्ष्मीबाई

3. दिये गये गद्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5 × 2 = 1

<u>जन का प्रवाह अनंत होता है</u> । सहस्रों वर्षों से भूमि के साथ राष्ट्रीय जन ने तादात्म्य प्राप्त किया है जब तक सूर्य की रश्मियाँ नित्य प्रातःकाल भुवन को अमृत से भर देती हैं तब तक राष्ट्रीय जन क जीवन भी अमर है । इतिहास के अनेक उतार-चढ़ाव पार करने के बाद भी राष्ट्र-निवासी जन न उठती लहरों से आगे बढ़ने के लिए अजर-अमर हैं । जन का संततवाही जीवन नदी के प्रवाह त तरह है, जिसमें कर्म और श्रम के द्वारा उत्थान के अनेक घाटों का निर्माण करना होता है ।

i) जन का प्रवाह किस तरह होता है ?

ii) पाठ का शीर्षक एवं लेखक का नाम लिखिये ।

iii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए ।

iv) सूर्य की रश्मियों का क्या प्रभाव पड़ता है ?

v) राष्ट्रीय जन ने किसके साथ तादात्म्य स्थापित किया है ?

अथवा



PDF Hindustanknowledge.com

रमणीयता और नित्य नूतनता अन्योन्याश्रित हैं । रमणीयता के अभाव में कोई भी चीज मान्य नहीं होती है । नित्य नूतनता किसी भी सर्जक की मौलिक उपलब्धि की प्रामाणिकता सूचित करती है और उसकी अनुपस्थिति में कोई भी चीज वस्तुतः जनता व समाज के द्वारा स्वीकार्य नहीं होती । सड़ी-गली मान्यताओं से जकड़ा हुआ समाज जैसे आगे नहीं बढ़ पाता, वैसे ही पुरानी रीतियों और शैलियों की परम्परागत लीक पर चलनेवाली भाषा भी जन-चेतना को गति देने में प्रायः असमर्थ ही रह जाती है ।

i) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ एवं लेखक का नाम लिखिए ।

ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए ।

iii) क्या चीजें अन्योन्याश्रित हैं ?

iv) नित्य नूतनता क्या सूचित करती है ?

v) 'रमणीयता' और 'परम्परागत' शब्दों के अर्थ लिखिए ।

4. दिये गये पद्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $5 \times 2 = 10$

मुझे फूल मत मारो ।
मैं अबला बाला वियोगिनी, कुछ तो दया विचारो ।
होकर मधु के मीत मदन, पटु तुम कटु गरल न गारो,
मुझे विकलता तुम्हें विफलता ठहरो श्रम परिहारो ।
नहीं भोगिनी यह मैं कोई, जो तुम जाल पसारो,
बल हो तो सिन्दूर-बिन्दु यह-यह हर नेत्र निहारो ।
रूप-दर्प कन्दर्प तुम्हें तो मेरे पति पर वारो,
लो, यह मेरी चरण-धूलि उस रति के सिर पर धारो ।।

i) उपर्युक्त पद्यांश के शीर्षक एवं रचयिता का नाम लिखिए ।

ii) उर्मिला ने शिव का तीसरा नेत्र किसे बताया है ?

iii) इस पद्यांश में किस ऋतु का वर्णन है ?

iv) यह पद्यांश किस ग्रन्थ से उद्‌धृत है ?

v) रेखांकित पंक्ति की व्याख्या कीजिए ।

अथवा



PDF Hindustanknowledge.com

सावधान मनुष्य ! यदि विज्ञान है तलवार,
तो इसे फेंक तजकर मोह, स्मृति के पार ।
हो चुका है सिद्ध है तू शिशु अभी अज्ञान,
फूल काँटों की तुझे कुछ भी नहीं पहचान,
खेल सकता तू नहीं ले हाथ में तलवार,
काट लेगा अंग, तीखी है बड़ी यह धार ।।

i) पाठ का शीर्षक और कवि का नाम लिखिये ।

ii) विज्ञान को तलवार क्यों कहा है ?

iii) कवि ने वैज्ञानिक युग के मानव को क्या चेतावनी दी है ?

iv) मनुष्य को अज्ञान शिशु क्यों कहा गया है ?

v) रेखांकित पंक्ति की व्याख्या कीजिए ।

5\. (क) निम्नलिखित में से किसी एक लेखक का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी प्रमुख रचनाओं का उल्लेख कीजिए : ( अधिकतम शब्द सीमा 80 शब्द ) 3 + 2 = 5

i) हजारीप्रसाद द्विवेदी

ii) हरिशंकर परसाई

iii) डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम ।

(ख) निम्नलिखित में से किसी एक कवि का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी प्रमुख कृतियों का उल्लेख कीजिए : ( अधिकतम शब्द सीमा 80 शब्द ) 3 + 2 =

i) अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध'

ii) जयशंकर प्रसाद

iii) अज्ञेय ।

6\. *'लाटी'* कहानी की कथावस्तु का सार लिखिए । ( अधिकतम शब्द सीमा 80 शब्द )

**अथवा**

*'ध्रुवयात्रा'* कहानी का उद्देश्य लिखिए । ( अधिकतम शब्द सीमा 80 शब्द )



PDF.Hindustanknowledge.com

7. स्वपठित खण्डकाव्य के आधार पर किसी एक खण्ड के एक प्रश्न का उत्तर दें ।
( अधिकतम शब्द सीमा 80 शब्द ) 5

i) 'मुक्तियज्ञ' खण्डकाव्य का कथानक संक्षेप में लिखिए ।

अथवा

'मुक्तियज्ञ' खण्डकाव्य की प्रमुख पात्र की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

ii) 'सत्य की जीत' खण्डकाव्य के आधार पर द्रौपदी का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

अथवा

'सत्य की जीत' खण्डकाव्य की कथावस्तु लिखिए ।

iii) 'रश्मिरथी' खण्डकाव्य के आधार पर 'कर्ण' की चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए ।

अथवा

'रश्मिरथी' खण्डकाव्य की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए ।

iv) 'आलोकवृत्त' की कथावस्तु का सार लिखिए ।

अथवा

'आलोकवृत्त' खण्डकाव्य के आधार पर गाँधीजी की चारित्रिक विशेषताएँ लिखिये ।

v) 'त्यागपथी' खण्डकाव्य का कथानक संक्षेप में उल्लेख कीजिए ।

अथवा

'त्यागपथी' खण्डकाव्य के आधार पर 'हर्षवर्द्धन' का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

vi) 'श्रवणकुमार' खण्डकाव्य का कथानक संक्षेप में लिखिए ।

अथवा

'श्रवणकुमार' खण्डकाव्य के आधार पर 'श्रवणकुमार' की चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए ।

( खण्ड-ख )

8. (क) दिये गये संस्कृत गद्यांशों में से किसी एक का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिये : 2 + 5 = 7

संस्कृतसाहित्यस्य आदिकविः बाल्मीकिः, महर्षिव्यासः, कविकुलगुरुः कालिदासः अन्ये च भास-भारवि-भव भूत्यादयो महाकवयः स्वकीयैः ग्रन्थरत्नैः अद्यापि पाठकानाम् हृदि विराजन्ते । इयं भाषा अस्माभिः मातृसमं सम्माननीया वन्दनीया च, यतो भारतमातुः स्वातन्त्र्यं गौरवम्, अखण्डत्वं सांस्कृतिकमेकत्वञ्च संस्कृतेनैव सुरक्षितुं शक्यन्ते । इयं संस्कृतभाषा सर्वासु भाषासु प्राचीनतमा श्रेष्ठा चास्ति ।

अथवा

अतीते प्रथम कल्पे जनाः एकमभिरूपम्, सौभाग्यप्राप्तं सर्वाकार परिपूर्णं पुरुषं राजानमकुर्वन् चतुष्पदा अपि सन्निपत्य एकं सिंहं राजानमकुर्वन् । ततः शकुनिगणाः हिमवत्प्रदेशे एकस्मिन पाषाणे सन्निपत्य 'मनुष्येषु' राजा प्रज्ञायते तथा चतुष्पदेषु च । अस्माकम् पुनरंतरे राजा नास्ति ।

PDF.Hindustanknowledge.com

(ख) दिये गये श्लोकों में से किसी एक का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 2 + 5 = '

जल-बिन्दु निपातेन क्रमशः पूर्यते घटः ।

स हेतुः सर्वविद्यानां धर्मस्य च धनस्य च ।।

**अथवा**

कामान् दुग्धे विप्रकर्षत्यलक्ष्मी,

कीर्तिं सूते दुष्कृतं या हिनस्ति ।

शुद्धां शान्तां मातरं मंगलानाम् ।

धेनुं धीराः सुनृतां वाचमाहुः ।।

9. निम्नलिखित लोकोक्तियों एवं मुहावरों में से किसी एक का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए : 1 + 1 = 2

(i) मुँह फुलाना

(ii) हाथ पीले करना

(iii) दाल में काला होना

(iv) सावन हरे न भादो सूखे ।

10. अपठित गद्यांश से सम्बन्धित दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

इच्छाएँ नाना हैं और नाना विधि हैं और वे उसे प्रवृत्त रखती हैं ।/उस प्रवृत्ति से वह रह-रह कर थक जाता है और निवृत्ति चाहता है । यह प्रवृत्ति और निवृत्ति का चक्र उसको द्वन्द्व से थका मारता है इस संसार को अभी राग-भाव से वह चाहता है कि अगले क्षण उतने ही भाव-विराग से वह उसक विनाश चाहता है । पर राग-द्वेष की वासनाओं से अन्त में झुँझलाहट और छटपटाहट ही हाथ लगत है ।

(i) प्रवृत्ति-निवृत्ति के चक्र में फँसा मनुष्य क्यों रुक जाता है ?

(ii) प्रेम और ईर्ष्या की वासनाओं में पड़कर मनुष्य की स्थिति कैसी हो जाती है ?

(iii) रेखाङ्कित अंश का आशय लिखिए ।

11. (क) निम्नलिखित शब्द-युग्मों का सही अर्थ चयन करके लिखिए :

(i) वसन-व्यसन -

(अ) विवश और व्याकुलता (ब) वस्त्र और आदत

(स) कवच और भोजन (द) अवधि और विस्तार ।

(ii) अन्न-अन्य -

(अ) अनाज और दूसरा (ब) भोजन और अनेक

(स). गेहूँ और चावल (द) बेकार और दूसरा ।

PDF Hindustanknowledge.com

(ख) निम्नलिखत शब्दों में से किसी एक शब्द के दो सही अर्थ लिखिए : 1 + 1

(i) चपला (ii) जीवन

(iii) शिव ।

(ग) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक सही 'शब्द' चयन करके लिखिए :

(i) जो शिक्षा देता है –

(अ) शिक्षक (ब) नेता

(स) अभिनेता (द) सन्त

(ii) जो सब कुछ जानता हो –

(अ) सर्वज्ञ (ब) महापुरुष

(स) तपस्वी (द) ब्राह्मण

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए : 1 + 1

(i) मैं भोजन कर लिया हूँ ।

(ii) मेरा बड़ा भाई आ रहा है ।

(iii) मैं कलम के साथ लिखता हूँ ।

(iv) सूर्य पूरब में निकलता था ।

12. (क) 'संयोग शृंगार' रस अथवा 'करुण' रस का लक्षण सहित एक उदाहरण लिखिए । 1 + 1

(ख) 'यमक' अलंकार अथवा 'रूपक' अलंकार की परिभाषा लिखते हुए एक उदाहरण लिखिए ।

1 + 1

(ग) 'दोहा' छन्द अथवा 'सोरठा' छन्द का लक्षण और एक उदाहरण लिखिए । 1 + 1

PDF Hindustanknowledge.com

13. अपने गाँव अथवा शहर में सफाई हेतु उचित अधिकारी को पत्र लिखिये ।

**अथवा**

विद्यालय में अनुशासन व्यवस्था बनाये रखने हेतु प्रधानाचार्य को पत्र लिखिये ।

14. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर अपनी भाषा-शैली में सारगर्भित निबन्ध लिखिए : 2 +

(i) पर्यावरण का असंतुलन और मानव जीवन पर प्रभाव

(ii) बेरोजगारी की समस्या और समाधान

(iii) नयी शिक्षण व्यवस्था में कम्प्यूटर की उपयोगिता

(iv) साहित्य समाज का पथ प्रदर्शक है

(v) महिला सशक्तीकरण का समाज के विकास पर प्रभाव

(vi) वर्तमान भारतीय राजनीति की दिशा और दशा ।



PDF Hindustanknowledge.com